दिनांक 13.12.2021

मतदान केन्द्रो का निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने किया निरीक्षण, मतदान केन्द्रो में व्यवस्था दुरूस्त रखने दिये आवश्यक निर्देश

भिलाईनगर/ आज निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने निगम क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न मतदान केन्द्रो का निरीक्षण कर जायजा लिया और मतदान केन्द्रो में व्यवस्था दुरूस्त रखने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। मतदान दल के केन्द्रो में आने से पूर्व सभी प्रकार के बुनियादी सुविधाओ को ध्यान में रखते हुए इस अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिये। मतदान दल 19 दिसंबर को प्रातः से मतदान सामग्री प्राप्त कर मतदान केन्द्रो में पहुंचना प्रारंभ करेंगे। 20 दिसंबर को प्रातः 8 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक मतदान का समय निर्धारित है। इन सभी बातो को ध्यान में रखते हुये रिर्टर्निंग ऑफिसर पदमिनी भोई साहू के निर्देश पर मतदान केन्द्रो में पानी , बिजली, शौचालय, रैंप, व्हीलचेयर, मतदान केन्द्रो में मतदान केन्द्र का नाम , क्रमांक, वार्ड नं. एवं नाम, मतदान केन्द्र में सम्मिलित क्षेत्र, मतदान दिनांक एवं मतदान समय से संबंधित वाल लेखन इत्यादि का कार्य किया जा रहा है। निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने आज जुनवानी, मॉडल टाउन, कोहका, सुपेला, स्मृति नगर, नेहरू नगर, कृष्णा नगर, कोसा नगर, लक्ष्मी नगर , फरीद नगर इत्यादि मतदान केन्द्रो का निरीक्षण किया।

भिलाई में 407624 मतदाता-

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत 407624 मतदाता है। जोन क्रं. 01 में 96437, जोन क्रं. 02 में 95561, जोन क्रं. 03 में 69944, जोन क्रं. 04 में 77061 एवं जोन क्रं. 05 में 68621 मतदाता है। सबसे अधिक मतदाता जोन क्रं. 01 में है और सबसे कम मतदाता जोन 05 में है। वहीं अगर मतदान केन्द्रों की बात करे तो सबसे अधिक मतदान केन्द्र 114 जोन क्रं. 01 क्षेत्र में है। जोन क्रं. 02 में 106 मतदान केन्द्र है, जोन क्रं. 03 में 79 मतदान केन्द्र है, जोन क्रं. 04 में 85 मतदान केन्द्र एवं जोन क्रं. 05 में 79 मतदान केन्द्र है जहां मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग 20 दिसंबर को करेंगे।